# पर्यटन व हरित परियोजनाओं में बढ़ेगा विदेशी निवेश

**लखनऊ।** प्रदेश में विदेशी पूंजी आकर्षित करने के लिए चल रही अंतरराष्ट्रीय कवायद के तहत इन्वेस्ट यूपी की सिंगापुर डेस्क ने सिंगापुर में कई निवेशकों के साथ कई बैठकें की। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यटन, आतिथ्य सेवाओं और हरित परियोजनाओं में निवेश संभावनाओं को मजबूत करना था। इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी ने सिंगापुर में ग्रीनफील्ड वेंचर्स के मुख्य संचालन अधिकारी अमृतांशु रॉय के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। इसमें अयोध्या, वाराणसी, मथुरा सहित प्रदेश के प्रमुख पर्यटन नगरों में प्रस्तावित परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया। अधिकारियों ने राज्य की निवेशक अनुकूल नीतियों, प्रोत्साहनों और सुगम सुविधाओं को बताया। निवेशकों ने अयोध्या, वाराणसी, मथुरा में होटल में निवेश की रुचि दिखाई।

- अमृतांशु रॉय ने प्रदेश के प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगरों के आसपास उच्च श्रेणी के होटल, प्रीमियम आवासीय परिसरों और हरित ऊर्जा आधारित परियोजनाओं में रुचि जताई। उन्होंने कचरे से ऊर्जा उत्पादन, सतत शहरी ढांचा विकास और दीर्घकालिक संयुक्त उपक्रमों जैसे मॉडल पर भी सकारात्मक संकेत दिए। बैठक में निवेशकों को आश्वस्त किया गया कि इन्वेस्ट यूपी डोर-स्टेप सहायता और क्षेत्रवार निवेश प्रोत्साहन नीति पर प्रतिबद्ध है। सिंगापुर डेस्क आने वाले समय में सिंगापुर के विभिन्न संस्थागत निवेशकों और औद्योगिक समूहों के साथ जुड़ाव को और मजबूत करेगी, ताकि पर्यटन, आतिथ्य, आवासीय विकास में निवेश आ सके। ब्यूरो